बुधवार 23 अगस्त, 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



शराबबंदी और राजद के कारण बिहार में बढ़ रहा अपराध: पीके 2



# शुद्धता का वादा: दियरांचल प्रीमियम कच्ची घानी सरसों तेल से जुड़ रहा लोगों का भरोसा

**केटी न्यूज/डुमरांव**

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद को स्वस्थ और सेहतमंद बनाए रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। स्वास्थ्य को बनाने और बिगाड़ने में घर में उपयोग होनेवाले खाने के तेल की बड़ी भूमिका है। कई लोग तेल की शुद्धता के साथ समझौता कर अनजाने में बीमारी को दावत देते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि आखिर में किस तरह के तेल का खाने में उपयोग किया जाए जो हमारी सेहत को नुकसान न पहुंचाए। बाजार में यूं तो तमाम तरह के सरसों तेल भरे पड़े हैं लेकिन इन सबके बीच दियरांचल प्रीमियम कच्ची घानी



सरसों तेल लोगों के बीच अपनी अलग पहचान और भरोसा बना रहा है। इस तेल की खासियत यह है कि ऑर्गैनिक यानी रासायनिक खाद का इस्तेमाल किए बगैर उगाए गए सरसों से इसे तैयार किया जाता है।

## लोगों को सेहतमंद रखना है कंपनी का उद्देश्य

दियरांचल एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की ओर से इस तेल का उत्पादन बक्सर जिले के सिमरी प्रखंड के आशा पड़री में किया जा रहा है। कंपनी के निदेशक रंजन मिश्रा, प्रतिमा तिवारी और महिला उद्यमी रंजना कुमारी ने बताया कि उनकी कंपनी का मुख्य उद्देश्य मुनाफा कमाना नहीं बल्कि लोगों को सेहतमंद रखना है। रंजन मिश्रा कहते हैं कि उनकी कंपनी न केवल ट्रेडमार्क अप्रूव्ड है, बल्कि आइएसओ सर्टिफाइड, हैकप सर्टिफाइड है।

## हैदराबाद और नागपुर में होती है सरसों की जांच

रंजन मिश्रा ने बताया कि कंपनी गुणवत्ता से समझौता नहीं करती। सरसों की खरीद मध्य प्रदेश और राजस्थान से की जाती है। खास बात यह है कि सरसों की गुणवत्ता मानक के अनुरूप है या नहीं इसकी जांच के लिए सैंपल को हैदराबाद और नागपुर लैब में भेजा जाता है। गुणवत्ता सही होने पर ही इसका तेल निकाला जाता है।

## झांस नहीं है सरसों तेल की गुणवत्ता का पैमाना

रंजन मिश्रा कहते हैं कि सरसों तेल की गुणवत्ता का पैमाना झांस नहीं है। जांच के लिए आप चक्की में सरसों को पीसकर देखें। कई कंपनियां तेल में झांस लाने के लिए केमिकल मिलाती हैं। वहीं रंजना कुमारी ने बताया कि जिस ऑयल प्रेस मशीन का उपयोग हमारी कंपनी कर रही है, इसमें पेराई के बाद निकलनेवाला तेल गर्म नहीं होता। इस कारण यह 100 प्रतिशत शुद्ध होता है।

## आउटलेट नहीं, डोर-टू-डोर सर्विस

रंजन मिश्रा ने बताया कि कंपनी अपने उत्पाद की बिक्री के लिए डोर-टू-डोर सर्विस का उपयोग कर रही है। कंपनी का अभी कोई भी आउटलेट नहीं खोला गया है, हालांकि उन्होंने भरोसा दिया है कि जल्द ही इसे शुरू किया जाएगा। फिलहाल प्रचार वाहन या तेल की बोटल पर जारी मोबाइल नंबर से संपर्क कर लोग सरसों तेल खरीद सकते हैं।

**मिलावट साबित करें मिलेंगे 50 हजार रु.** > कंपनी के डायरेक्टर प्रतिमा तिवारी ने दावा किया है कि दियरांचल प्रीमियम कच्ची घानी सरसों तेल में किसी तरह की मिलावट नहीं की जाती। यह 100 प्रतिशत शुद्ध है। अगर कोई व्यक्ति यह साबित कर दे कि इस तेल में मिलावट की गई तो उसे कंपनी की ओर से 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

## उपयोगकर्ता को कॉल कर लेते हैं फीडबैक

महिला उद्यमी रंजना कुमारी ने उत्पाद की बिक्री की पॉलिसी के बारे में कहा कि कंपनी का ध्येय केवल तेल को बेचना नहीं बल्कि उपयोगकर्ता से संपर्क कर इसकी गुणवत्ता के बारे में उनकी राय भी जानना है। इसके लिए समय-समय पर दियरांचल प्रीमियम कच्ची घानी सरसों तेल का उपयोग करनेवाले लोगों को कॉल कर उनसे फीडबैक लिया जाता है। अब तक एक हजार से अधिक ग्राहक जुड़ चुके हैं। कहती हैं कि ग्राहकों की संतुष्टि ही कंपनी की सबसे बड़ी पूंजी है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने जोहान्सबर्ग पंहुचे

# विश्व का ग्रोथ इंजन होगा भारत : मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स बिजनेस फोरम लीडर्स डायलॉग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। जल्द ही भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत के पास दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। पीएम मोदी ने बताया कि ब्रिक्स बिजनेस काउंसिल ने दस सालों में हमारे आर्थिक सहयोग को बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, 2009 में जब ब्रिक्स की पहली समिट आयोजित हुई तो विश्व एक बड़े आर्थिक संकट से बाहर आ रहा है। इस दौरान ब्रिक्स वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए आशी के किरण के रूप में उभरा था।

उन्होंने कहा, कोविड महामारी, तनावों और विवादों के बीच विश्व आर्थिक चुनौतियों से गुजर रहा है। ऐसे समय में ब्रिक्स देशों की एक महत्वपूर्ण भूमिका है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल पुथल के बाद भी भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी मेजर अर्थव्यवस्था है। हम जल्द ही 5 ट्रिलियन डॉलर वाली अर्थव्यवस्था का देश हो जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि इस बात में कोई संदेह नहीं है कि आने वाले सालों में भारत विश्व




का ग्रोथ इंजन होगा क्योंकि हमने आपदा और मुश्किलों को समय को आर्थिक सुधार के अवसरों में बदला है। पिछले कुछ सालों में हमने मिशन मोड में जो बदलाव किए हैं उससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में काफी बढ़ोतरी हुई है। हमने रेड टेप को हटाकर रेड कार्पेट बिछाया है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में करोड़ो लोगों को डायरेक्ट बेनिफट ट्रांसफर किए जाते हैं। अब तक 360 बिलियन डॉलर से भी अधिक ऐसे ट्रांसफर किए जा चुके हैं। इससे पारदर्शिता बढ़ी और भ्रष्टाचार कम हुआ है।

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार की शाम करीब सवा पांच बजे पहुंचे। इस दौरान उनका एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत किया गया। पीएम मोदी यहां राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर आए हैं और वो 22 से 24 अगस्त तक रहेंगे। पीएम मोदी के स्वागत में एयरपोर्ट पर काफी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग मौजूद रहे। इस दौरान मोदी ने लोगों का अभिवादन किया और हाथ भी मिलाया। ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने से पहले दक्षिण अफ्रीका में आर्य समाज की अध्यक्ष आरती नानकचंद शानंद और भारतीय समुदाय की एक अन्य सदस्य ने जोहान्सबर्ग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राखी बांधी।

## बैठक का क्या है एजेंडा


ब्रिक्स समेलन की चचाएं राजनीतिक और सामाजिक-आर्थिक समन्वय के क्षेत्रों पर केंद्रित होंगी। इसमें सदस्य देश व्यापार के अवसर, आर्थिक आपूर्ति और सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करेंगे। ब्रिक्स के अध्यक्ष के रूप में दक्षिण अफ्रीका पारस्परिक रूप से त्वरित विकास, सतत विकास और समावेशी बहुपक्षवाद पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसमें वैश्विक संस्थानों में सुधार और शांति प्रक्रियाओं में महिलाओं की सार्थक भागीदारी को मजबूत करना भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, अल्जीरिया, मिस्र और इथियोपिया सहित 40 से अधिक देशों ने ब्रिक्स समूह में शामिल होने में रुचि दिखाई है। शिखर सम्मेलन के एजेंडे में ब्लॉक के विस्तार पर चर्चा होने की संभावना है। यूक्रेन के साथ युद्ध को लेकर कूटनीतिक अलगाव का सामना कर रहे रूस ने विस्तार का समर्थन किया है। चीन ने भी समूह के विस्तार का समर्थन किया है। वहीं, भारत की सबसे बड़ी चिंता यह है कि ब्रिक्स 'चीन-केंद्रित' ब्लॉक न बन जाए। इससे पहले अगस्त में ब्राजील के राष्ट्रपति डी सिल्वा ने कहा था कि वह ब्रिक्स समूह में और अधिक देशों के शामिल होने के पक्ष में हैं।

## बिना किसी वजह हमारे लोगों को निशाना बना रही हैं एजेंसियां: ममता

**कोलकाता।** ममता बनर्जी ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिना किसी वजह हमारे लोगों को एजेंसियां निशाना बना रही हैं। आज ईडी और सीबीआई चींटी के काटने जैसी छोटी से छोटी घटना की भी जांच कर रही हैं। मुख्यमंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब उनके कई नेता केंद्रीय एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि पीएम मोदी सबको साथ लेकर चलने की बात करते हैं, लेकिन विपक्ष शासित राज्यों को टारगेट करते हैं। बिना किसी कारण एजेंसियां हमारे लोगों को टारगेट करती हैं और उन्हें परेशान किया जाता है।

**रैगिंग रोकने लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर:** जादवपुर विश्वविद्यालय मामले में सीएम ने कहा कि जादवपुर विश्वविद्यालय की मौत ने हमारी आंखें खोल दीं है। हम सभी यूनिवर्सिटी में रैगिंग से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर शुरू कर रहे हैं। 1800 345 5678 इस नंबर पर कॉल करके लोग अपनी परेशानियां बता सकते हैं।

## आज शाम 6.04 बजे चांद के दक्षिण ध्रुवीय हिस्से पर उतरेगा चंद्रयान-3



**एजेंसी/नई दिल्ली**

चंद्रयान-3 बुधवार शाम 6:04 बजे चांद के दक्षिण ध्रुवीय हिस्से पर सॉफ्ट लैंडिंग की कोशिश करेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के इस बेहद महत्वाकांक्षी मिशन का देश के तमाम लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसरो ने मंगलवार को इस मून मिशन को लेकर जारी ताजा अपडेट में कहा कि चंद्रयान-3 मिशन तय समय पर चल रहा है।

इसरो के अनुसार, अगर चंद्रयान-3 मिशन चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने में सफल हो जाता है, तो भारत के लिए यह अंतरिक्ष अन्वेषण में एक उल्लेखनीय मील का पत्थर साबित होगा। भारतीय अंतरिक्ष संगठन ने यह भी कहा कि यह उपलब्धि भारत के लिए विज्ञान, इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी और उद्योग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम होगी और अंतरिक्ष अन्वेषण में हमारे देश की प्रगति का प्रतीक होगी। इसरो 23 अगस्त को भारतीय समयानुसार शाम 5.27 बजे से अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर मून लैंडिंग का सीधा प्रसारण शुरू करेगा।

**आखिरी 15 मिनट में ही क्रैश हुआ था चंद्रयान-2:** चार साल पहले लॉन्च हुआ चंद्रयान-2 लैंडिंग के आखिरी 15 मिनट में ही क्रैश हुआ था। ऐसे में इस बार भी इस समय को अहम माना जा रहा है. इन आखिरी 15 मिनट में चंद्रयान कई चरणों से होकर गुजरेगा।



**विश्वामित्र हॉस्पीटल** गोलम्बर बक्सर में डा.यूके सिंह व डा. आर के झा के टीम के द्वारा दूरबीन विधी से प्रोस्टेट, जीबी स्टोन, किडनी स्टोन, अपेंडिक्स , हर्निया, बच्चेदानी, बवासीर, पेट में गांठ या ट्यूमर, ब्रेस्ट ट्यूमर आदि का सफल ऑपरेशन होता है।

मंदाकिनी सलिल चंदन चर्चिताय नंदीश्वर प्रमथनाथ महेश्वराय। मंदारपुष्प बहुपुष्प सुपूजिताय तस्मै मकराय नमः शिवाय।।



सावन महीने के पावन अवसर पर सभी जिलेवासियों एवं शिवभक्तों व कांवरियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

विश्वामित्र हॉस्पीटल
लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
विश्वामित्र हॉस्पीटल गोलम्बर,बक्सर
मोबाईल नम्बर - 9122950441



मन छोड़ व्यर्थ की चिंता तू शिव का नाम लिए जा
शिव अपना काम करेंगे तू अपना काम किए जा।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 25 एजेंडों पर मुहर

# 10 जगहों पर बनेंगे डॉ. अंबेडकर विद्यालय

केटी न्यूज/पटना



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई, इसमें 25 एजेंडे पर मुहर लगी। बिहार सरकार ने सहरसा में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी है। नीतीश कैबिनेट ने पटना के सदर अंचल, मसौढ़ी व फुलवारीशरीफ, गया के टिकारी, डोभी व बेलागंज नवादा के अकबरपुर, सुपौल के छातापुर, समस्तीपुर के विभूतिपुर और दरभंगा के बहादुरपुर मिलाकर कुल 10 जगहों पर 720-720 सीटिंग क्षमता के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण के लिए पैसा जारी किया है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के प्रस्ताव पर इन सभी 10 विद्यालयों में हर एक विद्यालय को इस मद से 46.07 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। एक अहम फैसले में कैबिनेट ने पटना महायोजना 2031 के क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ, राज्य उच्च पथ के साथ न्यूनतम 30 मीटर चौड़ी सड़क से सटे भूखंडों पर पेट्रोल पंप, गैस स्टेशन एवं अन्य मार्गीय सुविधाओं की अनुमति को स्वीकृत किया है। 30 मीटर चौड़ी सड़क पर अनुमति के बाद इन सुविधाओं को शुरू करने की चाहत रखने वाले कारोबारियों के साथ स्वरोजगार से जुड़ने वाले युवाओं को ज्यादा अवसर मिलेंगे।

**प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना में दी राहत**

मुख्यमंत्री के जनता दरबार में आ रहे एक मुद्दे को लेकर बिहार कैबिनेट ने हरी झंडी दिखाई है। यह आदेश पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से जुड़ा है। मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2023 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए प्राप्त आवेदनों को वैधता प्रदान करने के लिए वर्ष 2022 एवं वर्ष 2023 में निर्गत आय प्रमाण पत्र की मान्यता को स्वीकृति दी गई है। यह भी प्रावधान किया गया है कि किसी वित्तीय वर्ष की छात्रवृत्ति हेतु आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही अगर अगले वित्तीय वर्ष में की जा रही है तो उपरोक्त आधार पर ही आय प्रमाण पत्र को स्वीकार किया जाएगा।

**नालंदा कॉलेज आफ इंजीनियरिंग चंडी**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिला नालंदा में स्थापित नालंदा कॉलेज आफ इंजीनियरिंग चंडी के द्वितीय चरण में प्रस्तावित भवनों के निर्माण एवं बाह्य विद्युतीकरण सहित परिसर के विकास कार्यों की पूर्व स्वीकृत योजना लागत 4657.57 लाख को पुनरीक्षित कर 6845.50 लाख करने की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। साथ ही, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार पटना को यह राशि विमुक्त करने के लिए आया प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। शेखपुरा जिला स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय के निर्माण कार्य की योजना राशि का भी पुनरीक्षण किया गया है। पहले इसके लिए 73.13 करोड़ स्वीकृत था, जिसे अब 110.0352 करोड़ किया गया है।

**अमरथ में बनेगा राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय:** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रस्ताव पर कैबिनेट की स्वीकृति के बाद अब यह पक्का हो गया है कि जमुई जिला अंतर्गत अमरथ में राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय जमुई की स्थापना होगी। मंगलवार को बिहार कैबिनेट ने यहां विभिन्न खाता खेसरा की कुल 5.10 एकड़ गैरमजरुआ मालिक / आम किस्म परती कदीम भूमि को विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग बिहार को निशुल्क अंतर विभागीय हस्तांतरण की स्वीकृति दी।

**कैबिनेट की बाकी प्रमुख स्वीकृतियां**

नीतीश कुमार कैबिनेट ने सहरसा जिला में नए राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति भी दे दी है।

बिहार लोक सेवा आयोग की शिक्षक भर्ती परीक्षा एवं अन्य परीक्षाओं पर होने वाले खर्च को देखते हुए ?35.60 करोड़ की राशि बिहार आकस्मिकता निधि से देने की भी स्वीकृति हुई।

व्यवहार न्यायालय मधुबनी में 15 कोर्ट भवन का निर्माण के लिए 31 करोड़ 94 लाख 13 हजार रुपये की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (आयुर्विज्ञान) नई दिल्ली द्वारा आयोजित पीजी स्पॉन्सर्ड डीएनबी (पोस्ट एमबीबीएस एवं पोस्ट डिप्लोमा) हेतु राज्य सरकार के अधीन नियमित रूप से कार्यरत चिकित्सकों को सवैतनिक अनापत्ति प्रदान करने की स्वीकृति दी गई।

मुंगेर सदर अस्पताल में चिकित्सा पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित डॉक्टर रोहित निराला को जून 2016 से लगातार अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के आधार पर सरकारी सेवा से बर्खास्त किया गया।

आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 के स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज योजना अंतर्गत पटना शहर के सैदपुर नाला के जीर्णोद्धार के लिए कुल 259 करोड़ 81 लख रुपये की योजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए बुडको को इसकी कार्यकारी एजेंसी के रूप में नामित किया गया।

बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली 2016 के तहत पश्चिम चंपारण के बगहा में मे. तिरुपति शुगर लिमिटेड और अररिया फारबिसगंज में मे. ऑरो सुंदरम फूड एंड फीड्स प्राइवेट लिमिटेड बियाडा के वित्तीय प्रोत्साहन क्लीयरेंस की स्वीकृति दी गई।

राजकीय अभियंत्रण एवं राजकीय पॉलिटेक्निक अनुदेशक संवर्ग नियमावली 2023 की स्वीकृति दी गई।

भर्ती होकर इलाज कराने के मामले में दंत चिकित्सा के तहत टूथ एक्सट्रैक्शन आरसीटीटूथ इंप्लांटेशन आदि पर हुए खर्च की प्रतिपूर्ति को स्वीकृत किया गया, लेकिन कॉस्मेटिक चिकित्सा की प्रतिपूर्ति को अस्वीकार किया गया।

## पटना एयरपोर्ट पर फास्टैग-आधारित पार्किंग भुगतान की सुविधा शुरू

**पटना।** बिहार में एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने पटना के जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फास्टैग-आधारित पार्किंग भुगतान की सुविधा शुरू की है। इससे यात्रियों को अपनी गाड़ी पार्क करने में काफी सहूलियत होगी। दरअसल, फास्टैग आधारित पार्किंग एयरपोर्ट से निकलने पर स्वचालित नकद रहित भुगतान की सुविधा प्रदान करती है। इससे एयरपोर्ट के पार्किंग क्षेत्रों के भीतर वाहनों की निर्बाध और कुशल आवाजाही सुनिश्चित होती है। पार्किंग शुल्क वाहन पर लगे वैध फास्टैग से काट लिया जाता है। इससे एयरपोर्ट पर बढ़ती भीड़ पर भी नियंत्रण करने में मदद मिलती है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर गणेश अनंतनारायणन ने बताया कि ग्राहकों की सुविधा हमारे लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। फास्टैग-आधारित पार्किंग भुगतान की सुविधा प्रदान करके, हमारा लक्ष्य एयरपोर्ट्स पर व्यस्त पार्किंग स्थलों में अधिक समय लगने से होने वाली कठिनाइयों को कम करना है। अंततः जिससे हमारे ग्राहकों के लिए पूरी यात्रा का अनुभव बेहतर होगा।

**ऐसे खरीद सकते हैं फास्टैग:** एयरटेल पेमेंट्स बैंक देश में फास्टैग के टॉप फाइव प्रोवाइडर्स में से एक है। बैंक के डिजिटल-फर्स्ट के दृष्टिकोण ने फास्टैग सेगमेंट में अग्रणी बने रहने में मदद की है। ग्राहक एयरटेल थैंक्स ऐप के बैंकिंग सेक्शन से कुछ ही क्लिक में आसानी से फास्टैग खरीद सकते हैं।

## शराबबंदी और राजद के कारण बिहार में बढ़ रहा अपराधः पीके



केटी न्यूज/पटना

जनसुराज पदयात्रा के तहत मुजफ्फरपुर पहुंचे प्रशांत किशोर का सकरा में भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान पीके ने मीडिया से बातचीत में कहा कि बिहार में बढ़ते अपराध के दो सबसे प्रमुख कारण हैं। एक शराबबंदी। दूसरा राजद। प्रशांत किशोर ने कहा कि शराबबंदी से कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है। हर गांव, हर गली-मोहल्ले में लड़के इस धंधे में शामिल होकर क्रिमनल बन रहें हैं। पुलिस शराब के चक्कर में कानून व्यवस्था सही करना भूल गई है। वहीं राजद को लेकर कहा कि जिस दिन राजद सरकार में शामिल हुई, उसी दिन से व्यवस्था बिगड़ने लगी।

पीके ने कहा कि राजद के शासनकाल को कोर्ट ने जंगलराज करार दिया था। राजद के आने से क्राइम बढ़ा है। प्रशांत किशोर ने कहा कि जब 2015 में मंत्रिमंडल बन रहा था। राजद के 4 ऐसे विधायक थे, जिनकी आपराधिक छवि को देखकर मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया। आज वो चारों मंत्रिमंडल में शामिल हैं। ऐसे में क्राइम कंट्रोल कैसे होगा। वहीं प्रशांत किशोर ने बिहार की राजधानी पटना में सूबे के कैबिनेट मंत्री तेजप्रताप यादव की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखे पार्क का नाम बदलने के मुद्दे पर नीतीश गुस्से में आ गए। नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव और तेज प्रताप को जमकर लताड़ लगाई।

प्रशांत किशोर ने कहा कि ये इनकी ओछी मानसिकता को दिखाता है। नाम बदलने के बजाय नया पार्क बनवाएं। फिर नामकरण करें। कोई भी आदमी चाहे वो कांग्रेस का हो, बीजेपी का हो या किसी समाज के हों। जिसने राष्ट्र के लिए कुछ किया हो उनके नाम पर सड़क का नाम हो। पार्क का नाम हो। उसे बदलना अच्छी बात नहीं है। किसी और के नाम से बनाना है, तो नया पार्क बना दीजिए। लेकिन, किसी के नामकरण को हटाना आपकी ओछी मानसिकता को दिखाता है। लेकिन, नीतीश कुमार इस पर सवाल नहीं उठाएंगे, क्योंकि ये उनका आरजेडी आखिरी दरवाजा है। आज की तारीख में।

सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी देशवासियों व कांवरियों को
एमआर टीसीएल कंस्ट्रक्शन की तरफ से हार्दिक बधाई



AMRTCL CONSTRUCTIONS
Your Trust & Our Services
A Revolutionary Initiative

- LLP Registration-MCA AAO-7219
- PAN-ABOFA5577F
- Professional Tax-192129691494
- GSTN-19ABOFA5577FIZZ
- MSME-UDYAM-WB-18-0011126

Towrds STARTUP
IN the feild of Environment-Agriculture - Power Projects With vision and ultimate aim to Create opportunity for unemployed youths

Moments and Accolades




Registered Address : 43, Adiganga Road, Kolkata, West Bengal-700070. | Email-amrtc19@gmail.com | Mobile No-+91 9836059400

## बिजली चोरी के खिलाफ अभियान

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के कमधरपुर गांव में विद्युत आपूर्ति प्रशाखा चौगाईं के कनीय अभियंता शैलेश कुमार के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध रूप से बिजली चोरी करने के आरोप में सात लोगों के खिलाफ कोरानसराय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर विद्युत ऊर्जा चोरी के दौरान विभाग को हुई राजस्व की क्षति के आरोप में जुर्माना भी लगाया गया। जिनमें अयोध्या पासवान, जल्लु पासवान, सुदर्शन पासवान, अरुणा देवी, सूरजभान पासवान, मुक्तेश्वर उपाध्याय और ज्ञांती देवी पपर मामला दर्ज कराया गया है।

# फाइलेरिया से बचाव के लिए दवाओं का सेवन अनिवार्यः बीसीएम

केटी न्यूज/बक्सर

जिले में आगामी 20 सितंबर से शुरू होने वाले मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग लोगों को जागरूक करने में जुटा है।

इस क्रम में प्रखंडों में मोबाइल टीम के माध्यम से स्वास्थ्य कर्मी द्वारा लोगों को फाइलेरिया के लक्षण, इसके दुष्प्रभाव और इससे बचाव के साथ एमडीए अभियान की जानकारी दी जा रही है। जिसके तहत सदर प्रखंड अंतर्गत जगदीशपुर पंचायत के कुलहड़िया गांव के ग्रामीणों को एमडीएम अभियान को सफल बनाने की अपील की गई।



मौके पर सदर बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह ने बताया ग्रामीणों को बताया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से फैलता है। जिससे शरीर की लसीका प्रणाली प्रभावित होती है। बाद में इस बीमारी के संक्रमण से मरीज के हाथ, पैर, अंडकोष या स्तन में सूजन आ जाती है। बुखार का आना, शरीर पर लाल धब्बे या दाग का होना एवं शरीर के अंगों में सूजन का आना इसके शुरूआती लक्षण होते हैं। इससे लोग दिव्यांग भी हो सकते हैं, इसलिए फाइलेरिया रोधी के दवाओं का सेवन जरूरी है।

### पांच वर्ष तक साल में एक बार खानी है दवा

बीसीएम ने बताया, फाइलेरिया किसी भी उम्र में हो सकती है। इससे जुड़ी विकलांगता जैसे हाथीपांव एवं हाइड्रोसील के कारण मरीज के आजीविका एवं काम करने की क्षमता प्रभावित होती है। फाइलेरिया के रोकथाम के लिए डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की गोली साल में एक बार सरकार द्वारा मुफ्त में खिलायी जाती है। लागतार पांच तक दवाओं का साल में एक बार सेवन करने से फाइलेरिया की संभावना पूरी तरह खत्म हो जाती है। उन्होंने बताया कि कई बार दवा का सेवन करने से लोगों को हल्की परेशानी होती है, वो सभी लक्षण शरीर में फाइलेरिया के परजीवी के होने के संकेत हैं। इससे घबराना नहीं है।

वहीं, एएनएम सरिता देवी ने ग्रामीणों को बताया कि फाइलेरिया रोधी दवाओं उम्र के हिसाब से कराया जाता है। 2 साल से कम उम्र के बच्चे, गंभीर रोग से ग्रसित एवं गर्भवती महिला को ये दवाएं नहीं दी जाती। दो से पांच वर्ष तक के बच्चों को डीईसी की 1 गोली एवं अल्बेंडाजोल की 1 गोली, 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को डीईसी की 2 गोली व अल्बेंडाजोल की एक गोली तथा 15 वर्ष से अधिक लोगों को डीईसी की 3 गोली एवं अल्बेंडाजोल की एक गोली दी जाएगी।

## एक नजर

### प्राचीन शिवमंदिर और तालाब का अस्तित्व बचाने सड़क पर उतरे ग्रामीण, दिया धरना

**चौगाईं।** प्रखंड मुख्यालय के दक्षिण पोखरा तथा उसके पास स्थित प्राचनी शिवमंदिर का अस्तित्व बचाने के लिए स्थानीय ग्रामीण सड़क पर उतर आए है। मंगलवार को दर्जनों ग्रामीणों ने एक दिवसीय धरना दे इस जमीन के साथ ही प्राचीन शिवमंदिर, तालाब, पिंड तथा उस पर लगे पेड़-पौधों का अस्तित्व बचाने की मांग शासन प्रशासन से की है। यह धरना चौगाईं पेट्रोल पंप व मंदिर जाने वाले रास्ते के बीच आयोजित किया गया था। जिसकी अध्यक्षता अभिजीत सिंह व संचालन अमित सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि दशकों से पूरा गांव इस प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना करता है। लोक आस्था का महापर्व छठ भी मंदिर के पास स्थित तालाब के किनारे संपन्न होता है। वही पिंड तथा पेड़ पौधे भी है। लेकिन भू-माफियाओं द्वारा इस जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर बेचा जा रहा है। इसी के विरोध में ग्रामीणों ने धरना दिया था। ग्रामीणों ने इस जमीन को भू-माफियाओं के चंगुल से मुक्त कराने तथा जल जीवन हरियाली योजना के तहत तालाब का जीर्णोद्धार कराने की मांग भी की है। धरना देने वालों में कुमार विजय, नरेन्द्र कुमार सिंह, रमेश सिंह, राजेंद्र सिंह, दिना सिंह, मिठू सिंह, सोनू सिंह, अभयजीत सिंह, संजीव मेहता, राजकुमार सोनार, दीनानाथ सिंह, भरत महतो, श्रीभगवान महतो समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।



### प्रखंड कार्यालय परिसर में जन सुविधा प्रतिक्षालय का निर्माण शुरू, लोगों को मिलेगी राहत

**डुमरांव।** प्रखंड कार्यालय में अपने कामों के सिलसिले में आने वाले लोगों को अब जाड़ा, गर्मी या बरसात की मार नहीं झेलनी पड़ेगी। बल्कि प्रखंड कार्यालय परिसर में उनके विश्राम व ठहराव की व्यवस्था जल्दी ही होगी। मंगलवार को योजना विभाग द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में जन सुविधा प्रतिक्षालय भवन का ले आउट किया गया। एमएलसी राधा चरण सेठ के निधि से 15 लाख की लागत से बनने वाले इस भवन का निर्माण दो महीने में पूरा कर लेना है। भवन का उदघाटन होने के बाद प्रखंड क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों तथा आम जनता को इसमें बैठ विश्राम करने को मिलेगा। जिससे उन्हें अब सर छिपाने के लिए प्रखंड कार्यालय तथा उसके बाहर की दुकानों पर भटकने की मजबूरी नहीं रह जाएगी। योजना विभाग के सहायक अभियंता रणविजय सिंह तथा कनीय अभियंता राजेश कुमार ने स्थल जांच कर निर्माण कार्य का लेआउट किया। बरसात के मौसम को ध्यान में रख कार्य कराने का निर्देश दिया। जनसुविधा प्रतीक्षालय भवन का निर्माण प्रखंड विकास पदाधिकारी आवास तथा शिव मंदिर के पास किया जा रहा है। प्रखंड कार्यालय आने वाले लोगों को इसका भरपूर लाभ मिल सके। नए आईटी भवन के बाद प्रखंड कार्यालय परिसर को प्रतिक्षालय भवन का सौगात मिलने जा रहा है। इससे पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा प्रखंड क्षेत्र के लोगों में खुशी है। प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतीक्षालय भवन का निर्माण होने से पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा क्षेत्र की जनता को भी इसका लाभ मिलेगा। योजना विभाग के सहायक अभियंता ने बताया कि इसकी अनुशंसा एमएलसी राधाचरण सेठ ने की है। विधान पार्षद द्वारा प्रत्येक प्रखंड कार्यालय पर जन सुविधा प्रतीक्षालय भवन निर्माण का अनुशंसा किया गया है। जिसका लागत खर्च 15 लाख रुपया आएगा। उन्होंने बताया कि इस भवन में बिजली, शौचालय व पेयजल जैसी सुविधाएं भी मिलेगी। राज्य सरकार के निर्देश पर अनुमंडल के सिमरी, नावानगर व ब्रह्मपुर प्रखंडों में इसका निर्माण कर जनता को सुपुर्द कर दिया गया है।



## छह महीने के अंदर चार लोगों की हो चुकी है मौत

# नाले में मिला युवक का शव

केटी न्यूज/बक्सर

मंगलवार को बक्सर नगर थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस मोहल्ले में नाले में एक युवक का शव बरामद हुआ। उसका शव पुराने सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस के पीछे बह रहे नाले में पड़ा था। शव से दुर्गंध आने के बाद आस पास के लोगों की नजर उस पर पड़ी। तब पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

घंटों बाद पहुंची नगर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान खलासी मोहल्ले के मो जावेद के 20 वर्षीय पुत्र सद्दाम के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि उसे मादक पदार्थों की लत लत गई थी। तीन चार महीना पहले नशा मुक्ति केन्द्र में उसका इलाज भी करवाया गया था। लेकिन कुछ दिनों के बाद से ही वह फिर से नशे का सेवन करने लगा था। उसके इस लत से पूरा परिवार भी परेशान था। लेकिन मौत की सूचना मिलते ही परिजनों के आंसू थमने के नाम नहीं ले रहे थे।

**सोमवार से था गायबः** परिजनों की मानें तो वह सोमवार की सुबह ही घर से निकला था। रात में भी लौटकर नहीं आया। परिजन अभी उसकी खोजबीन ही कर रहे थे कि किसी ने सिविल लाईन के नाले में एक युवक के शव मिलने की जानकारी दी। इसके बाद परिजन वहां पहुंचे तथा शव की पहचान सद्दाम के रूप में कर विलख कर रोने लगे।



### नशे की गिरफ्त में आ रहा बक्सर का युवावर्ग

सद्दाम की मौत के बाद अब लोगों में खुलकर इस बात की चर्चा होने लगी है कि बक्सर शहर मादक पदार्थों की तस्करी व सेवन करने वालों की चपेट में आ गया है। पिछले छह महीने में सद्दाम समेत कुल चार युवकों की मौत मादक पदार्थ के सेवन के कारण हुई है। इनमें एक युवक के शव के पास से नशे के इंजेक्शन भी बरामद हुए थे। बता दें कि इसके पहले नगर के ज्योति प्रकाश चौक के पास सावन नामक युवक की मौत नशे के ओवर डोज के कारण हुई थी। वही अंबेडकर चौक तथा पांडेयपट्टी रेलवे क्रासिंग के समीप से भी अलग अलग युवकों का शव बरामद हुआ था। जिनकी मौत भी अत्यधिक नशा सेवन के कारण होने की बात कही गई थी। इसके अलावे बक्सर में पिछले छह महीने के दौरान करीब आधा दर्जन से अधिक मादक पदार्थों के तस्कर गिरफ्तार किए गए है। जिससे इस बात की पुष्टि होती है कि बक्सर में मादक पदार्थों का धंधा फल फूल रहा है।

"सिविल लाइन इलाके में नाले से खलासी मोहल्ले के एक युवक की लाश मिली है। प्रथम दृष्टया नशे की लत के कारण उसकी मौत हुई है।

*– रंजीत कुमार सिन्हा, अपर थानाध्यक्ष, नगर थाना*

### डीजल अनुदान की समीक्षा करेंगे डीडीसी

जहानाबाद। डीएम अंशुल अग्रवाल के अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में आहूत की गई। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा डीजल अनुदान के संबंध में अद्यतन जानकारी दी गई। डीडीसी महेंद्र पाल को उक्त के संबंध में समीक्षा करते हुए प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी बक्सर ने बताया कि बक्सर जिला में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। डीएम ने निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी किसानों के लिए आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध रहें। किसानों को उर्वरक की उपलब्धता के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो। पीएम किसान सम्मान निधि की समीक्षा के क्रम में भौतिक सत्यापन एवं ई केवाईसी के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय ने कहा कि किसानों के हित के लिए संचालित सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सभी किसानों को मिले। लघु जल संसाधन के अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता को क्षेत्रों में भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता लघु जल संसाधन ने नलकूपों की अद्यतन स्थिति के बारे में जानकारी दी। सभी बंद पड़े नलकूपों को समन्वय स्थापित कर शीघ्र चालू कराने का निर्देश दिया गया।

# ग्राम पंचायतों के अधिकार में कटौती शर्मनाकः मुखिया संघ

### मांगों के समर्थन में मुखिया संघ ने दिया धरना




केटी न्यूज/बक्सर

ग्राम पंचायतों के अधिकारों में कटौती किए जाने के खिलाफ प्रदेश मुखिया महासंघ के आह्वान पर जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर मुखिया संघ ने एक दिवसीय धरना दिया। इस क्रम में डुमरांव प्रखंड कार्यालय में आयोजित धरना की अध्यक्षता मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह मठिला पंचायत के मुखिया देवेन्द्र सिंह ने की।

उन्होंने कहा कि सरकार पंचायतों में चुनी गई सरकार की उपेक्षा कर रही है। संविधान में दिए गए अधिकारों में कटौती की जा रही है। जो शर्मनाक हैं। वही मुंगाव मुखिया इंदल सिंह ने कहा कि 19 सूत्री मांगों के समर्थन में 31 अगस्त तक मुखिया संघ सरकारी बैठकों व कार्यों का बहिष्कार कर रहा है। उन्होंने कहा कि 29 अगस्त को जिला मुख्यालय पर धरना के बाद आगे की रणनीति भी बनाई जाएगी। धरना के बाद मांगपत्र को बीपीआरओ व पीओ को सौंपा गया। मौके पर छतनवार मुखिया शशिकांत सिंह, कनझरूआं मुखिया असगर अली, कुशलपुर मुखिया प्रतिनिधि कृष्ण बहादूर, नंदन मुखिया रामजी सिंह समेत कई अन्य मुखिया मौजूद थे।

**नावानगर में भी मुखिया संघ ने भरी हुंकार :** नावानगर में भी मुखिया संघ ने प्रखंड मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर अपने मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की तथा स्थानीय प्रशासन को अपना मांग पत्र सौंपा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष रेखा देवी ने किया। बाबूगंज के मुखिया सत्येंद्र कुमार सिंह, मनोज सिंह, ज्योति कुमारी, गीता देवी, पंकज सिंह, संगीता देवी, बृज कुमार सिंह व अन्य मौजूद थे।



# नगर देवी मां काली मंदिर की वार्षिक पूजा आज, तैयारी पूरी

**केटी न्यूज/डुमरांव**





बुधवार को नगर देवी मां काली आश्रम मंदिर का वार्षिक पूजा धूमधाम से संपन्न होगा। मंदिर पूजा समिति द्वारा पूर्व संध्या पर वार्षिक पूजा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मंदिर के बाहर लगने वाले विशाल मेला भी सज तैयार हो चुका है। मेले में चरखी, झूला आदि सज गए है। मंदिर का रंग रोगन कर उसे आकर्षक तरीके से सजा लिया गया है। अहले सुबह से ही मंदिर के पुजारी ललन मिश्र व मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष भगवान जी वर्मा के नेतृत्व में वार्षिक पूजा के विधान शुरू हो जाएंगे।

पूजा तथा हवन संपन्न होते ही मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। बता दे कि नगर देवी मां काली के प्रति हजारों शहरवासियों की अटूट आस्था है। पचास हजार से अधिक लोगों के वार्षिकोत्सव में शामिल होने की उम्मीद है। इसे देखते हुए प्रशासन भी मुश्तैद रहेगा। विधि व्यवस्था निर्धारण के लिए दंडाधिकारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए है। शक्ति द्वार मोड़ से मंदिर तक चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान मुश्तैद रहेंगे। वही मंदिर व मेला में भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस टीम को मंदिर पूजा समिति के सदस्य तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सहयोग करेंगे। वार्षिक पूजा के पूर्व संध्या पर शहर का माहौल भक्तिमय बन गया है। श्रद्धालुओं की आस्था चरम पर पहुंच गई है। बता दें कि नगर देवी मां काली को मन्नते पूरी करने वाली देवी के रूप में देखा जाता है। मंदिर पूजा समिति अध्यक्ष भगवान जी वर्मा ने बताया कि वार्षिक पूजा की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार को पूरे वैदिक विधान से मां काली की वार्षिक पूजा व हवन किया जाएगा।

## डुमरांव एसडीपीओ ने अनुमंडल के थानों का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

# अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए रात्रि गश्ती जरूरी

**केटी न्यूज/डुमरांव**



एसपी मनीष कुमार ने अपराध पर अंकुश लगाने के लिए विशेष रात्रि गश्त अभियान चलाने का निर्देश दिया है। जिसको लेकर डुमरांव अनुमंडल पुलिस की टीम ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग की और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस ने गश्ती के दौरान अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु वाहनों की चेकिंग, संवेदनशील स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, बाजार, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे स्टेशन, सरकारी व निजी अस्पताल सहित होटल, रेस्टोरेंट, बैंक व एटीएम के आसपास की चेकिंग कर विधि सम्मत कार्रवाई की।

एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने रात्रि गश्ती के दौरान अनुमंडल के कई थानों का निरीक्षण किया और थानाध्यक्षों को किसी पर प्रकार की लापरवाही नही बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने और वांछित अपराधियों की धर-पकड़ के लिए इस तरह के अभियान चला रही है। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि आम नागरिक बिना किसी डर के किसी भी समय पुलिस से मदद लेने के लिए थाने व चौकी में जा सकते हैं और जरूरत पड़ने पर पुलिस कंट्रोल रूम या फिर डायल 112 पर भी सहायता प्राप्त कर सकते है। एसडीपीओ ने बताया कि विधि-व्यवस्था व अपराध नियंत्रण की रोकथाम को लेकर यह अभियान अनवरत जारी रहेगा। पुलिस यातायात नियमो के तहत वाहनों का परिचालन करने की हिदायत दे रही है। चेकिंग के दौरान अपराधी, शराब तस्कर, फरार वारंटियों पर पुलिस की विशेष नजर है। इसके अलावे वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट के अलावे ट्रिपल लोडिंग पर विशेष चौकसी बरती जा रही है।

■ हेनवा गांव के तालाब व कठार में जैविक खेती को देखेंगे मुख्यमंत्री

### चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**डुमरांव।** एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर डुमरांव अनुमंडल की पुलिस ने मंगलवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना कागजात तथा हेलमेट के चलने वाले वाहन चालकों से जुमार्ना भी वसूला गया। वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व खुद एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी कर रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार एसडीपीओ के नेतृत्व में नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर सब्जी मंडी के पास अभियान चला बाइक चालकों से 15 हजार रूपए जुमार्ना वसूले। वही कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार के नेतृत्व में 4 हजार तथा मुरार पुलिस द्वारा 500 रूपए का जुमार्ना वसूला गया। जबकि रसीद के अभाव में डुमरांव पुलिस वाहन चालकों से जुमार्ना नहीं वसूल सकी।

### बिजली कंपनी की टीम से दुर्व्यवहार, केस दर्ज

**नावानगर।** नावानगर थाना क्षेत्र के भगवत पुर गांव में बिजली चोरी रोकने के लिए छापेमारी करने गई कंपनी की टीम के साथ ग्रामीणों ने दुर्व्यवहार किया है। इस संबंध में विद्युत आपूर्ति शाखा केसठ के जेई संदीप कुमार शुक्ला ने तीन नामजद तथा चार अज्ञात समेत कुल सात लोगों के खिलाफ नावानगर थाने ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में जेई ने लिखा है कि बिजली की चोरी किए जाने की सूचना पर जब वे अपनी टीम के साथ भागवत पुर गांव में गए तो नामजद लोगों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाया। जिससे वे अपनी कार्य को पूरा नहीं कर पाए। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। बता दें कि पिछले महीने सोनवर्षा ओपी के मौडीहा दलित बस्ती में भी शराब की खोज में छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला किया था। जिसमें ओपी प्रभारी का हाथ टूट गया था। दोनों घटनाओं से यह साबित हो रहा है कि क्षेत्र में पुलिस व प्रशासन का भय कम हो रहा है। बहरहाल देखना है कि पुलिस टीम पर हमला करने वालों को गिरफ्तार करने में विफल नावानगर पुलिस बिजली कंपनी के अधिकारियों व कर्मियों के साथ हुए दुर्व्यवहार के खिलाफ कितना सख्त कदम उठा रही है।










### डीएम व एसपी ने की भूमि विवाद एवं मद्य निषेध की समीक्षात्मक बैठक

# अभियान चला जल्द कराएं सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्तः डीएम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिलाधिकारी रिची पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन की संयुक्त अध्यक्षता में भूमि विवाद एवं मद्य निषेध की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बताया गया कि भूमि विवाद में अधिकांश मामले जमीन की मापी, रैयतों के बीच सीमांकन, लोक भूमि अतिक्रमण, सरकारी भूमि के आवंटियों को बेदखल किये जाने, गैर मजरूआ मालिक व आम जमीन एवं बकाश्त भूमि पर कब्जा तथा नल-गली एवं छज्जा के निर्माण को लेकर होते हैं।

सर्वप्रथम भूमि विवाद से संबंधित समीक्षात्मक बैठक में सभी थानाध्यक्षों एवं अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि भू समाधान पोर्टल का अनुश्रवण करते हुए निष्पादित मामलों का ससमय प्रविष्टि सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, यह भी निर्देश दिया गया कि सभी थानाध्यक्ष एवं अंचल अधिकारी शनिवार की बैठक में समन्वय स्थापित करते हुए भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में जिला पदाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारी को निदेश दिया कि किसी भी सरकारी भूमि अगर अतिक्रमण में है तो उसे अविलंब अतिक्रमण मुक्त कराना सुनिश्चित करें तथा कोई भी व्यक्ति अतिक्रमण कराने में बाधा डालता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई करेंगे। साथ ही उक्त बैठक में वैध शस्त्रों का सत्यापन करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने सभी अंचल पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि माननीय मुख्यमंत्री बिहार के जनता दरबार, जिला मुख्यालय में प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार इत्यादि में आने वाले आवेदनों या मामलों का अनुश्रवण कर निष्पादन करना सुनिश्चित करें एवं कृत कार्रवाई से अवगत कराएं। भूमि विवाद को लेकर हुई गंभीर घटनाओं/ मामलों पर परिचर्चा करते हुए सर्वाधिक संवेदनशील इलाकों पर कड़ी निगरानी रखते हुए प्रिवेंटिव मेजर्स लेने एवं भूमि विवाद से संबंधित अप्रिय घटना घटित होने पर वरीय पदाधिकारियों को अविलंब सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में आवश्यकतानुसार सीआरपीसी के तहत धारा 107 एवं 144 की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

## मोटर उठाने के क्रम में करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, बेटा-भतीजा झुलसे

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के सुंदरपुर गांव स्थित बधार में करंट की चपेट में आने से 51 वर्षीय एक किसान की मौत हो गयी। वहीं उनके बेटे और भतीजा भी झुलस गए। उनमें एक का इलाज आरा सदर अस्पताल और दूसरे का कोईलवर में कराया जा रहा है। मृतक सुंदरपुर गांव निवासी ब्रजेश कुमार सिंह थे। झुलसने वालों में उनका बेटा करण कुमार सिंह और भतीजा पंकज सिंह शामिल है।

जख्मी पंकज ने बताया कि वो अपने चाचा और चचेरे भाई करण के साथ खेत पटाने गया था। पटवन के बाद वह मोटर बंद कर मोटर हटा रहे थे। तभी उनका पैर फिसल गया, जिससे तीनों मोटर में लगे करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गए और बुरी झुलस गए। उसके बाद ग्रामीणों की मदद से तीनों इलाज के लिए कोईलवर पीएचसी लाया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे और उसके चाचा ब्रजेश कुमार सिंह को सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसके चाचा को मृत घोषित कर दिया। उसका का इलाज सदर अस्पताल और करण का इलाज कोईलवर पीएचसी में कराया जा रहा है। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इधर, हादसे और मौत के बाद किसान के घर में कोहराम मचा है। पत्नी और बच्चों सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## परीक्षा के नाम पर ठगी करने वाले अंतरजिला गिरोह के चार गिरफ्तार


**आरा।** नगर थाने की पुलिस द्वारा परीक्षा पास कराने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से ठगी करने वाले एक अंतरजिला गिरोह का खुलासा किया गया है। पुलिस द्वारा गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार भी किया गया है। जालसाजों के पास से दर्जन भर परीक्षार्थियों के सर्टिफिकेट, बीस हजार रुपए और मोबाइल बरामद किये गए हैं। गिरफ्तार जालसाजों में चांदी थाना क्षेत्र के नरबीरपुर गांव निवासी संदीप कुमार, चांदी गांव निवासी पंकज कुमार, छपरा के इशुआपुर थाना क्षेत्र के अगौधर नंदा गांव निवासी उदय कुमार ओझा और सीवान के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मिरजुमला गांव निवासी शंकर साह शामिल हैं। चारों एसटेट की परीक्षा पास कराने के नाम पर परीक्षार्थियों के कागजात जमा करा रहे थे। चारों के मोबाइल भी जब्त कर लिये गये हैं। पुलिस चारों से कड़ी पूछताछ कर रही है। चारों ने परीक्षा पास कराने के नाम पर ठगी करने की बात भी कबूल कर ली है। इनके व्हाट्सअप चैट से भी परीक्षा के नाम पर धांधली करने के सबूत मिले हैं। इनकी निशानदेही पर पुलिस गिरोह के सरगना की धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है। उसकी पहचान कर ली गयी है। वह भागलपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। इस संबंध में नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।


सावन के पावन महीने के अवसर पर सभी जिले वासियों, कांवरियों व ग्राहकों को शुभकामनाएं

जय श्रीमन्नारायण
HOTEL ANAND VIHAR & RESTAURANT
होटल आनंद विहार एंड रेस्टोरेंट

24 x 7 सेवा उपलब्ध
शादी-विवाह, तिलक, मुण्डन, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए बुकिंग कराएं।
- Fully air conditioned room
- Banquet Hall
- Conference Hall
RESTAURANT
स्वादिष्ट व सस्ता भोजन उपलब्ध
फास्ट-फूड, शाकाहारी व मांसाहारी भोजन मेनू के अनुसार व्यवस्था
Near Dumraon Railway Station, BUXAR | Mob +91 8210408264

R. L. COMPLEX
DUMRAON
TRENDS MALL
आपके बजट में डिजाईनिंग कपड़ों की विशाल रेंज उपलब्ध
R. L. COMPLEX 2nd & 3rd Booking open



Director
Station road Dumraon
Near Vishnu bhgawan Mandir
Buxar, Bihar
Vinod Kumar Rai
R. L. COMPLEX
ANAND VIHAR HOTEL & RESTAURANT
Mob - +918340717039

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL RUPSAGAR
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in


विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा
- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण


## खबरें फटाफट

### दुष्कर्म के आरोपी को 12 वर्ष का कारावास

**बलिया।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेशचंद्र वर्मा की अदालत ने दुष्कर्म के आरोपी दीपक सिंह पुत्र फूलबदन सिंह ग्राम बरौली को 12 वर्ष का सश्रम कारावास और एक लाख 20 हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया। अदालत ने अर्थदंड अदा ना करने पर अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतने का आदेश दिया। अभियोजन के अनुसार वादिनी ने थाना भीमपुरा में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि दीपक सिंह शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब उसने शादी के लिए कहा तो घर से भाग गया।

### रेलवे स्टेशन रसड़ा से वांछित बलात्कारी अभियुक्त गिरफ्तार



**रसड़ा।** रेलवे स्टेशन रसड़ा से पुलिस ने वांछित बलात्कारी अभियुक्त को मंगलवार की दोपहर ग्यारह बजकर पैतालीस मिनट पर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। क्राइम इंस्पेक्टर चन्द्रभूषण पाण्डेय अपने हमराहियों संग चक्रमण कर रहे थे। पुलिस ने रसड़ा रेलवे स्टेशन से वांछित बलात्कारी अभियुक्त मऊ जनपद थाना हलधरपुर के जमीन बैरुकी चकरा निवासी अखिलेश कुमार पुत्र लल्लन प्रसाद को हिरासत में लिया। क्राइम इंस्पेक्टर चंद्रभूषण पाण्डेय ने बताया कि बलात्कारी आरोपी रसड़ा रेलवे स्टेशन पर खड़ा था कही जाने की फिराक में था। अभियुक्त को हिरासत में लेकर न्यायालय भेज दिया गया।

### कलेक्ट्रेट सभागार में जिला व्यापार बंधु की बैठक आयोजित

# व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर करें अधिकारी : रवींद्र

♦ व्यापारियों ने तिखमपुर में नाला निर्माण में लेटलतीफी से हो रही परेशानी से अवगत कराया

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला व्यापार बंधु की बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी ने व्यापारियों की तमाम समस्याओं को सुन निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि व्यापारियों की शिकायतों को प्राथमिकता पर रखा जाए। निस्तारण में देरी पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय कर कार्रवाई भी होगी। बैठक में व्यापारियों ने नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल आपूर्ति और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सामुदायिक शौचालय हमेशा क्रियाशील रखने की बात कही। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अधिकारियों को इस दिशा में गंभीरता से कार्यवाही करने का निर्देश दिया। जलालपुर-माल्देपुर की तरफ सड़क निर्माण के संबंध में जरूरी जानकारी ली। एक किनारे से दूसरे किनारे तक (नाले तक) सड़क नहीं बनने की जानकारी मिलने पर सवाल करते हुए सीडीओ के माध्यम से डीपीआर व पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश लोनिवि के जेई को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी योजना पहले से ही बेहतर ढंग से बना लें, क्योंकि सरकारी धन की बबार्दी किसी भी हालत में क्षम्य नहीं होगी।

व्यापारियों ने तिखमपुर में नाला निर्माण में लेटलतीफी से हो रही परेशानी से अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने लोनिवि के जेई से जरूरी जानकारी लेने के बाद सवाल किया कि डीपीआर में अगर रोड के दोनों तरफ नाला निर्माण होना था तो एक ही तरफ निर्माण क्यों जारी है। उसमें भी इतना विलंब क्यों ? सीडीओ को निर्देश दिया कि इसका पूर्ण विवरण लेते हुए सम्बन्धित अभियंताओं के विरुद्ध लोनिवि के प्रमुख सचिव को पत्र भेजें।

### इन्वेस्टर्स को न हो कोई दिक्कत

**बलिया।** जिलाधिकारी ने विशेष जोर देकर कहा कि जिले में कार्य कर रहे बड़े इन्वेस्टर्स को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। जिले में बड़े प्रोजेक्ट जहां भी चल रहे हैं, वहां अगर किसी प्रकार के विभागीय सहयोग की जरूरत हो तो संबंधित अधिकारी इस बात का विशेष ख्याल रखें। सोलर प्लांट के निर्माण में जरूरी सहयोग की मांग पर जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के इंजीनियर और राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी को सहयोग के लिए निर्देशित किया। भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन के स्तर से इन्वेस्टर्स को पूरा सहयोग मिलेगा।

## बैरिया देवराज ब्रह्म मोड पर पिकअप की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, पांच घायल

**बैरिया।** एनएच-31 पर बैरिया के देवराज ब्रहम मोड़ पर मंगलवार की सुबह सात बजे के लगभग कार और पिकअप के टक्कर टक्कर में कार पर सवार पांच लोग घायल हो गए। वहीं कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई ।घटना के बाद कार मालिक ने बैरिया थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद पिकअप चालक पिकअप लेकर फरार होने में सफल रहा। पिकअप के नंबर के आधार पर पुलिस पिकअप चालक और पिकअप को खोज रही है।

बताया गया कि मनीष कुमार निवासी राजापुर मैनपुर मस्जिद के पास थाना पाटलिपुत्र पटना बिहार निवासी अपने कार से बक्सर से बेतिया जा रहे थे। कार में उनकी भाभी , पत्नी, बहन व भतीजा, कार पर थे और मनीष कार ड्राइव कर रहे थे। बैरिया के देवराज ब्रह्म मोड़ पर तेज रफ्तार से सामने से आ रही पिकअप नंबर यूपी 60 टी 6216 ने कार में टक्कर मार दिया। जिससे कार में सवार सभी लोग घायल हो गए और कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद पिकअप चालक पिकअप लेकर फरार होने में सफल रहा। स्थानीय लोगों ने घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया।

## बैरिया सुरजन बाबा पोखरे में स्नान करने गए किशोर की डूबने से मौत



**केटी न्यूज/बलिया**

बैरिया थाना के सामने स्थित सुरजन बाबा के पोखरे में मंगलवार को तीन बजे के लगभग नहाते समय एक किशोर गोलू 15 वर्ष पुत्र बृज कुमार निवासी मिश्र की मठिया की मौत हो गई है।

बताते चलें कि सुरजन बाबा के पोखरे में इन दिनों पूरी तरह से पानी लबालब भरा हुआ है। आसपास के मुहल्लों और गांवों के बच्चे इस पोखरे में स्नान करने, तैरने और तैरना सीखने के लिए काफी संख्या में उमड़ रहे हैं। गोलू अपने साथियों के साथ पोखरे में स्नान करने के लिए आया था। उसे तैरना नहीं आता था। वह किनारे ही स्नान कर रहा था कि फिसलकर गहरे पानी में चला गया। यह देख उसके साथ के लड़कों ने शोर मचाया। जिस पर



काफी संख्या में भीड़ पोखरे पर जुट गई, और कुछ उत्साही नौजवान उसे निकालने के लिए पोखरे में उतरे और लगभग 1 घंटे के प्रयास के बाद पोखरे से शव को निकाला जा सका।

मौके पर पुलिस भी पहुंच गई थी। गोलू को पोखरे से निकलने के बाद तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे जांच कर मृत घोषित कर दिया। इस घटना से गोलू के परिवार में कोहराम मच गया है।

## डीएम ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का किया औचक निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंगलवार को पन्दह विकासखंड के खेजुरी में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां उन्होंने सर्वप्रथम बालिकाओं के उपस्थिति रजिस्टर को देखा एवं कुल बालिकाओं की संख्या की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बालिकाओं की कक्षा में जाकर उनकी उपस्थिति का भौतिक सत्यापन किया तो पाया कि कुल संख्या के सापेक्ष बालिकाओं की उपस्थिति कम है।



जिलाधिकारी ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के न चलने का कारण पूछा तो वहां के वार्डन ने बताया कि सप्लाई वाला ट्रांसफार्मर जल गया है और जनरेटर की व्यवस्था नहीं है इसीलिए कैमरे नहीं चल रहे हैं। वार्डन ने जिलाधिकारी से पूरे आवासीय विद्यालय के लिए सोलर लाइट लगवाने का आग्रह किया,जिस पर जिलाधिकारी ने सोलर पैनल लगाने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने वार्डन से वहां के कर्मचारियों के बारे में जानकारी ली तो उसने बताया कि यहां एक वार्डन,दो फुल टाइम टीचर, दो पार्ट टाइम टीचर दो रसोईया,एक चपरासी, एक अकाउंटेंट और एक वाचमैन, जो रात में विद्यालय की सुरक्षा में रहते हैं, सहित दस लोग कार्यरत हैं। इसी क्रम में वार्डन ने बताया कि यहां के कर्मचारियों का सत्र 21-22 का 3 महीने का वेतन और इस सत्र के 6 महीने का वेतन अभी तक नहीं मिला है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अभी तक खाने का टेंडर नहीं किया गया है इसलिए मेनू के अनुसार खाना नहीं बन पा रहा है।

## एनएच-31 पर गिरा पेड़, तीन घंटे तक बाधित रहा आवागमन

**फेफना (बलिया)।** थाना क्षेत्र के फेफना-बलिया मार्ग पर वैना गांव के सामने मंगलवार की सुबह शीशम का विशाल पेड़ गिरने से आवागमन गमन पूरी तरह बधित हो गया। इससे आमजन के साथ ही स्कूली बच्चे हलकान रहे। पुलिस ने घंटों प्रयास के बाद आवागमन शुरू हो कराया।जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह एनएच 31 पर वैना गांव के सामने शीशम का पेड़ सड़क के बीचोबीच गिर गया। इससे आवागमन पूरी तरह बधित हो गया। सुबह का समय होने के कारण लोगों के साथ ही स्कूली बच्चो को भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। पुलिस ने जेसीबी बुलवा कर पेड़ को सड़क से हटवाया।









## खबरें फटाफट

### 15 मवेशी बरामद, तस्कर गिरफ्तार

चंदौली ।अलीनगर पुलिस ने सोमवार की देर शाम सिंघीताली रेलवे पुल के पास एक डीसीएम भारवाहन से 15 मवेशियों को एक पशु तस्कर के साथ पकड़ा। जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस अगली कार्रवाई में जुट गई। अलीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक शेषधर पांडेय ने बताया कि वे मय एसआई जावेद सिद्दीकी, आरक्षी संतोष कुमार सिंह व बूटा सिंह यादव नेशनल हाइवे पर सिंघीताली के पास वाहनों की जांच पड़ताल कर रहे थे। इसीबीच पुलिस टीम ने चंदौली की ओर जा रहे एक संदिग्ध डीसीएम भारवाहन को रोक दिया।

### 1 महीने में 3 बार ट्रांसफार्मर जलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

चंदौली। टांडाकला ग्राम सभा में लगा 100 केवी का ट्रांसफार्मर रविवार रात जल गया। जिससे बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जिससे आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने सोमवार को ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। एवं चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई गई तो हम लोग पावर हाउस का घेराव करेंगे। टांडाकला गांव में कई सालों पहले से ही 100 केवी की क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाया गया है। इससे गांव व बाजार की बिजली आपूर्ति की जाती है। लोड अधिक हो जाने के कारण आए दिन ट्रांसफार्मर जल जाया करता है। ग्रामीणों ने सांसद डॉ महेंद्र नाथ पांडेय को अवगत करा कर ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने के लिए कहा गया था। जिसको मंजूरी देते हुए 1 साल पहले ही 100 केवी के जगह ढाई सौ केवी का ट्रांसफार्मर पास करा दिया था।

## कजरी महोत्सव : राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता चार को

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



जनपद में प्रतिवर्ष भाद्रपद मास में आयोजित होने वाले ह्लकजरी महोत्सवह्व तथा मेंहदी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर वेलफेयर क्लब महिला प्रकोष्ठ की बैठक पीर नगर कार्यालय पर मंगलवार को सम्पन्न हुई। जिसमें आकर्षक ₹कजरी महोत्सव₹ के साथ हैं मेहंदी प्रतियोगिता की तिथि घोषित की गई।

प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली इन प्रतियोगिताओं में सभी को अभी से तैयारी में जुट जाने को कहा गया। क्लब महिला प्रकोष्ठ की सचिव शहानाजहां ने बताया कि ₹कजरी महोत्सव₹ अंतर्गत जनपद स्तरीय राधा-कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन चार सितंबर दिन सोमवार को नगर के रामदूत इंटरनेशनल स्कूल मिश्रवालिया के सभाकक्ष में प्रातः नौ बजे से आयोजित किया जाएगा। जबकि राधा कृष्ण रुप सज्जा प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के एलकेजी से कक्षा चार तक के छात्र-छात्राएं राधा-कृष्ण का वेश धारण कर प्रतिभाग करेंगे। क्लब के पीआरओ सूर्य रेख मणि ने इसकी जानकारी दी। इस प्रतियोगिता में बच्चों के रूप-सज्जा तथा झूलनोत्सव का मूल्यांकन क्लब द्वारा गठित तीन सदस्यीय निर्णायक मंडल द्वारा किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना स्थान प्राप्त पुरस्कारों का वितरण आयोजन स्थल पर ही होगा। साथ ही प्रतिभाग करने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा।

इसी प्रकार जनपद स्तरीय मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन दस सितंबर को प्रस्तावित है। मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा चार से स्नातकोत्तर तक की छात्राएं तीन वर्गों में हिस्सा लेंगी। जिसके रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म स्कूलों के अतिरिक्त क्लब द्वारा निर्धारित स्थानों पर उपलब्ध रहेगा। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि पांच सितंबर निर्धारित है।

इस अवसर पर क्लब उपाध्यक्ष धीरेन्द्र त्रिपाठी, सुषमा यादव, डा० जितेन्द्र कुमार, अजय यादव, प्रमोद बिन्द, राहुल प्रताप मिश्र, रामनाथ कुशवाहा, रामकुमार विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर के मामले में बहस पूरी, 28 को आएगा फैसला

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



बांदा जेल में बंद मऊ के पूर्व विधायक एवं माफिया मुख्तार अंसारी पर गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज एक मुकदमे में मंगलवार को फैसला नहीं आ सका। विशेष सत्र न्यायाधीश एमपी/ एमएलए कोर्ट ने फैसले के लिए 28 अगस्त की तिथि तय की है। मामले में सरकारी वकील की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र पर न्यायाधीश ने नई तारीख तय की। विशेष सत्र न्यायाधीश एमपी/ एमएलए कोर्ट में करंडा थाना इलाके में दर्ज आरोपी मुख्तार अंसारी के विरुद्ध गैंगस्टर के मामले में शेष बहस पूरी हो गई है। इससे पहले छह मामलों में मुख्तार अंसारी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई जा चुकी है।

### सड़क निर्माण से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा की

# समिति गठित कर निर्माण कार्यों की जांच करे: डीएम

■ समीक्षा के दौरान जनपद में नई सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण, सेतुओं के निर्माण की पूरी जानकारी ली

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में सड़क निर्माण से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें लोक निर्माण विभाग द्वारा जनपद में कराई गई नई सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण, ओडीआर व एमडीआर के साथ ही राज्य राजमार्गो का अनुरक्षण तथा सेतुओं के निर्माण की जानकारी दी गई। उन्होंने लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (लोक निर्माण विभाग), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (ग्रामीण अभियंत्रण विभाग), सांसद क्षेत्रीय विकास निधि, विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि, त्वरित आर्थिक विकास योजना, जिला पंचायत विभाग द्वारा पंद्रहवां वित्त आयोग (टाईड), पंद्रहवां वित्त आयोग (अनटाईड), पंचम राज्य वित्त आयोग, नियोजन विभाग द्वारा पूर्वांचल विकास निधि (राज्यांश), पूर्वांचल विकास निधि (जिलांश) की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने चल रहे निर्माणकार्यो में मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। साथ ही निमार्णाधीन और पूर्ण किए गए कार्यो का समिति बनाकर जॉच कराने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### डीएम ने सहकारी समिति के अतिरिक्त गोदाम बनाने के लिए दिया निर्देश

**चंदौली।** डिस्ट्रिक कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी की बैठक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। डीएम ने निर्देशित किया गया कि सहकारी समितियों में अतिरिक्त गोदाम बनाने हेतु अपर जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर ग्राम सभाओं में उपलब्ध भूमि को समिति के पक्ष में कराने की कार्यवाही करें। जिन समितियों का नाम भू-अभिलेख में दर्ज नहीं है। दर्ज कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।

## भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान

**केटी न्यूज/चंदौली**

**सपा किन्नर कार्यकर्ता सम्मेलन**



अलीनगर स्थित एक लान में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के किन्नर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसके मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष पायल सिंह किन्नर ने कार्यकताओं में जोश भरने के साथ हुई आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

समाजवादी पार्टी द्वारा मंगलवार को अलीनगर स्थित एक लाइन में किन्नर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया था इसमें प्रदेश अध्यक्ष पायल सिंह किन्नर ने किन्नर कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि मौजूदा सरकार में बेरोजगारी महंगाई ही नहीं बल्कि किन्नरों के बधाई देने के खिलाफ कानून बनाया जा रहा है। जिससे किन्नर अपना हक भी नहीं मांग पाएंगे। इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

### मृत प्रधान की विधवा ने घूंघट में किया नामांकन




**चंदौली।** विकास खंड नौगढ़ के ग्राम पंचायत अमृतपुर के ग्राम प्रधान पद के उप चुनाव के लिए दो- दो सेट में जमा किए गए अपने नामांकन पत्र को दोनों प्रत्याशियों ने मंगलवार को वापस ले लिया। अब चुनावी जंग में दोनों आमने-सामने हैं। रिटर्निंग ऑफिसर मनोज त्रिपाठी ने बताया प्रत्याशियों को चुनाव चिह्नों का आवंटन बृहस्पतिवार को किया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में प्रधान पद के लिए विधवा सरस्वती दुर्गा मंदिर पोखरा से अपने महिला समर्थकों के साथ घूंघट में नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंची। ?जबकि गांव के पूर्व प्रधान रहे रणजीत चौहान ने भी उसके बाद नामांकन पत्र दाखिल किया।












### डीएम व एसपी ने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

# बारिश की संभावना को देख सुरक्षा के करें पुख्ता इंतजाम: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/मऊ**



विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में होने वाले उप निर्वाचन के दृष्टिगत जिला अधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के साथ सर्वोदय पीजी कॉलेज, घोसी स्थित स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। सर्वोदय पीजी कॉलेज में स्ट्रांग रूम हेतु चयनित कक्षों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रूम के अंदर एवं बाहर उचित स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा कक्षों की समस्त खिड़कियों को बंद करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बारिश की संभावना के दृष्टिगत सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। उन्होंने स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ईवीएम/वीवीपैट के लाने ले जाने वाले रास्तों पर मजबूत बैरिकेटिंग के अलावा समस्त खुले क्षेत्र में वाटरप्रूफ टेंट लगाने के निर्देश दिए, जिससे मतगणना के दौरान ईवीएम/वीवीपैट की आवाजाही सुरक्षित ढंग से की जा सके। मतगणना स्थल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चयनित हाल में टेबल लगाने की स्थिति, एजेंट एवम् प्रत्याशियों हेतु निर्धारित स्थल तथा माननीय प्रेक्षक हेतु निर्धारित कक्ष की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मीडिया सेंटर एवं सीसीटीवी कंट्रोल रूम के संबंध में भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। उन्होंने स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल हेतु की जा रही तैयारियों में तेजी लाने को कहा, जिससे समय पूर्व ही सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के अलावा तहसीलदार घोसी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**मऊ।** घोसी में होने वाले उप निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने हेतु जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण कक्ष में जाकर प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण से संबंधित जानकारियों को साझा किया। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर को डेमो दिखाकर ही प्रशिक्षण कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए। जिससे प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं को समझने में आसानी रहे। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे सभी कार्मिकों को भी प्रशिक्षण की बारीकियों को गंभीरता से सीखने को कहा, जिससे विधानसभा क्षेत्र घोसी में होने वाले उप निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

## अमृतकाल के पंचप्रण कार्यक्रम आयोजित

**केटी न्यूज/मऊ**



भूतपूर्व सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास केंद्र मऊ के सभागार में भूतपूर्व सैनिक संगठन के मऊ जनपद के जिला अध्यक्ष जितेंद्र नाथ दुबे की अध्यक्षता में अमृतकाल के पंचप्रण कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के मंडल प्रभारी उमाशंकर सिंह फौजी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लेने वाले अगस्त क्रांति दिवस के महान नायकों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हमें जनपद बलिया, मऊ, आजमगढ़ एवं गाजीपुर का कॉंग्रेस पार्टी लखनऊ उ०प्र० द्वारा सैनिक प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाकर के जो जिम्मेदारी दी गई है , हम उसके तहत अपने भूतपूर्व सैनिकों के मान-सम्मान, सुरक्षा संरक्षण के साथ-साथ उनके हक- अधिकार के लिए हमेशा तैयार रहूंगा ।आपने कहा कि मैं यही चाहता हूं कि आप सभी पूर्व सैनिक भाई हमें मजबूत करें जिससे कि मैं अपने सैनिक भाइयों के लिए दो कदम आगे बढ़ करके उनकी लड़ाई को लड़ सके। पूर्व सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास जनपद म ऊ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र दुबे ने अमृतकाल के पंचप्रण के अवसर पर उपस्थित सभी सैनिकों के साथ शपथ दिलाते हुए कहा कि हम एक विकसित भारत के लक्ष्य को कायम रखने के लिए गुलामी के हर अंग से मुक्ति चाहते हैं क्योंकि हमें अपने विरासत पर गर्व है।कहा कि हम एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए कर्तव्य परायण होकर सभी नागरिकों के प्रति जवाबदेह बने । उक्त अवसर पर पूर्व सैनिक समिति कासिमाबाद गाजीपुर के अध्यक्ष सैयद मुमताज अहमद जी, शिवचंद्र राम जी , सुधांशु सिंह जी , सर्वजीत सिंह जी आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## झमाझम बरसात से धान की फसल को मिली संजीवनी

**रतनपुरा (मऊ)** सूखे की आशंका से परेशान अन्नदाताओं को मंगलवार को उस समय राहत मिलती नजर आई जब प्रातः काल से ही हो रही रिमझिम फुहारें दिन के दस बजते- बजते झमाझम बरसात में तब्दील हो गई।लगभग दो घंटे से भी अधिक समय तक हुई मुसलाधार बरसात से खेतों में सूख रही धान की फसल को मानों संजीवनी मिल गई तो किसानों के चेहरे पर खुशी तैर गई। ऐसा हो भी क्यों न, मँहगे खाद-बीज, ट्रैक्टर की जुताई, और मजदूरी इत्यादि की व्यवस्था कर किसी तरह से किसानों ने धान की फसल की रोपाई किया।किंतु इस वर्ष बर्षा ऋतु की शुरूआत से अभी तक सामान्य से भी कम बरसात होने से धान की फसल सूख रही थी।







